हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय

चतुर्थ तल, प्रशानिक भवन, राजकीय दून मेडिकल कालेज, पटेलनगर, देहरादून – 248001 उत्तराखण्ड
दूरभाष व फैक्सः 0135–2723323
वेबसाईटः **www.hnbumu.ac.in** ई–मेलः **info.hnbumu@gmail.com**

महत्वपूर्ण सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी हेतु नीति निर्धारण के संबंध में

1. विश्वविद्यालय द्वारां परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त 10 कार्य दिवसों के भीतर छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा, उक्त अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. छात्र–छात्रा द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hnbumu.ac.in में अंकों की स्क्रूटनी संबंधी फार्म भरा जाएगा।
3. छात्र–छात्रा द्वारा स्क्रूटनी हेतु धनराशि रू0 1500/– प्रति विषय की दर से विश्वविद्यालय को ऑनलाईन माध्यम से भुगतान किया जायेगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा गठित विषय विषेशज्ञों की समिति द्वारा स्क्रूटनी की जायेगी।

(क) स्क्रूटनी प्रक्रिया में सम्मिलित बिन्दुः–

1. समिति द्वारा अंकों की गणना में त्रुटि को देखा जायेगा। इसके अंतर्गत उत्तर पुस्तिका के प्रथम/मुख्य पृष्ठ में दर्शाये गये अंकों की गणना की जायेगी।
2. उत्तर पुस्तिका में यह देखा जाना कि कोई प्रश्न अपरीक्षित (जांच ना किया गया हो/प्रश्न में अंक प्रदान न किये गये हो) है अथवा नहीं।
3. यह जांच किया जान कि उत्तर पुस्तिका के प्रथम/मुख्य पृष्ठ एवं उत्तर–पुस्तिका के भीतर दिये गए अंकों में भिन्नता है अथवा नहीं।
4. उत्तर पुस्तिका में कोई प्रश्न की जांच न की गई हो अथवा अंक प्रदान न किया गया हो तो ऐसी स्थिति में पुनः विषय विषेशज्ञ से परीक्षण कराया जाएगा।

(ख) स्क्रूटनी प्रक्रिया में असम्मिलित बिन्दुः–

1. जांच किये जा चुके उत्तरों का पुनर्जांच नहीं किया जायेगा।
2. केवल यह सत्यापित किया जायेगा कि कोई प्रश्न जांचा गया है अथवा नहीं। किसी छात्र–छात्रा द्वारा दिये गए उत्तर की गुणवत्ता नहीं देखी जायेगी।

छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध Link (Apply and Pay Fee For Degree/Migration/Duplicte Mark Sheet/Scrutiny) के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन प्राप्ती की अन्तिम तिथि के उपरान्त 15 दिवस के अन्दर विश्वविद्यालय Scrutiny Result जारी किया जायेगा।

नोटिस दिनांकः 14 मई, 2020

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner